**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राजभवन देहरादून/लखनऊ, उत्तर प्रदेश 20 जुलाई, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तर प्रदेश भ्रमण के दौरान राजभवन लखनऊ में त्रिपुरा के राज्यपाल श्री इंद्रसेन रेड्डी नल्लू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों राज्यपालों के मध्य विश्वविद्यालयों की भूमिका, उच्च शिक्षा में नवाचार, शोध की दिशा में सहयोग तथा राज्यों के बीच बेस्ट प्रैक्टिसेज के आदान–प्रदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर उन्होंने राजभवन संग्रहालय, दुर्लभ सिक्कों और डाक टिकटों के संग्रह तथा राजभवन में हुए अद्भुत पुनर्निर्माण कार्यों और परियोजनाओं का अवलोकन किया, जिन्होंने राजभवन की गरिमा और सौंदर्य में प्रभावशाली परिवर्तन किया है।

..........0..........